अपर महा०/निदेशक
उप निदेशक
स्थापना ले०अधि०
भारत सरकार
कार्यालय GOVT. OF INDIA
सहायक

सब पढ़ें सब बढ़ें
टेलीफैक्स / Telefax :+91-1352-744064,2743331
वेबसाईट / Website : WWW.surveyofindia.gov.in
ई–मेल / E-Mail : sgo.regulation.soi@gov.in

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
SURVEY OF INDIA
महासर्वेक्षक का कार्यालय
SURVEYOR GENERAL'S OFFICE
हाथीबड़कला एस्टेट डाक बक्स सं0–37
Hathibarkala Estate, POST BOX No.37
देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड)–भारत।
DEHRADUN-248001(Uttarakhand)-INDIA

कार्यालय आदेश संख्या ब–158/1117–पेंशन रूल्स दिनांक 31–05–2016

विषयः– तीसरी पेंशन अदालत की बैठक का कार्यवृत्त ।

भारत के महासर्वेक्षक, देहरादून के कार्यालय आदेश संख्या ब–149/1117–पेंशन रूल्स दिनांक 09.05.2016 में निहित निर्देशों के अनुपालन में भारतीय सर्वेक्षण विभाग देहरादून स्थित कार्यालयों से सेवानिवृत्त पेंशनर्स/फैमिली पेंशनर्स की शिकायतों Grievances का निपटान/निस्तारण करने के लिय दिनांक 20.05.2016 को सर्वे आडिटोरियम हाथीबड़कला एस्टेट, देहरादून में प्रातः 11:00 बजे पेंशन अदालत श्री के.के.सोनी, निदेशक प्रशासन एवं वित्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें निम्न अधिकारीगण/सदस्य उपस्थित थे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री के.के.सोनी, निदेशक, प्रशासन एवं वित (म0स0का0) | अध्यक्ष |
| 2. | श्री पी.एस.रावत, लेखाधिकारी (पेंशन अनुभाग)के.वे.एवं.ले. कार्यालय, देहरादून | सदस्य |
| 3. | श्री लक्ष्मी चन्द, स्थापना एवं लेखा अधिकारी बजट महासर्वेक्षक कार्यालय | सदस्य |
| 4. | श्री ए.के.सक्सेना, स्थापना एवं लेखा अधिकारी, महासर्वेक्षक कार्यालय | सदस्य |
| 5. | श्री बी.आर.भट्ट, स्थापना एवं लेखा अधिकारी, ज्यो.एवं. अनुसंधान शाखा | सदस्य |
| 6. | श्री राजन कुमार, स्थापना एवं लेखा अधिकारी एम0ए0डी0सी0 | सदस्य |
| 7. | श्री डी.सी.वर्मा, स्थापना एवं लेखा अधिकारी, राष्ट्रीय जी.डी.सी | सदस्य |
| 8. | श्री मनोज कुमार शर्मा, स्थापना एवं लेखा अधिकारी, उत्तरी मुद्रण वर्ग | सदस्य |
| 9. | श्री खुशहाल मणी, स्थापना एवं लेखा अधिकारी, उत्तराखण्ड जी.डी.सी | सदस्य |
| 10. | श्री जगमोहन सिंह नेगी, आहरण एवं वितरण अधिकारी, अंकीय मानचित्रण केन्द्र | सदस्य |
| 11. | श्री मनमोहन कोहली, कार्यालय अधीक्षक, महासर्वेक्षक कार्यालय | सदस्य |
| 12. | श्री अनूप शाह, सहायक, महासर्वेक्षक कार्यालय | सदस्य |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा पेंशन अदालत के सभी सदस्यों का एवं अदालत में उपस्थित सभी पेंशनकर्ताओं का स्वागत किया गया एवं सम्बोधितं करते हुऐ अदालत में उपस्थित होने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित पेंशनकर्ताओं से उनकी समस्याऐं सुनी गयी एवं उनकी समस्याओं का निवारण किया गया –:

1. श्री आर.के.कपूर, निदेशक (सेवानिवृत्त) उत्तरी सर्किल :–

| शिकायत | निस्तारण |
|---|---|
| Enhancement of Pension. | समिति द्वारा उनका प्रत्यावेदन प्राप्त किया गया। उनके प्रत्यावेदन पर कार्यवाही कर उनको अवगत कराया जायेगा । |

2. श्री के.एल.करारा, अधीक्षक सर्वेक्षक सेवानिवृत्त (71पार्टी) :–

| शिकायत | निस्तारण |
|---|---|
| Enhancement of Pension. | समिति द्वारा उनका प्रत्यावेदन प्राप्त किया गया। उनके प्रत्यावेदन पर कार्यवाही कर उनको अवगत कराया जायेगा । |

3. श्री उषा देवी, 101 एच.एल.ओ :–

| शिकायत | निस्तारण |
|---|---|
| Grant of Family Pension to unmarried daughter's matter. | उन्हें अवगत कराया गया कि वे स्थापना एवं लेखा अधिकारी उत्तरी मुद्रण वर्ग से सम्पर्क करें और पूर्ण आवश्यक दस्तावेज उन्हे प्रदान करें। स्थापना एवं लेखा अधिकारी उत्तरी मुद्रण वर्ग को निर्देशित किया गया है कि मामले की जांच कर मामले का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करें। |

4. श्री विनोद कुमार शर्मा, उत्तरी मुद्रण वर्ग :–

| शिकायत | निस्तारण |
|---|---|
| पेंशन के पुन निर्धारण के सम्बन्ध में । | इस सम्बन्ध में समिति द्वारा अवगत कराया गया कि उनका पेंशन का निर्धारण सही है। |

5. श्री जी.पी.उनियाल, स्थापना एवं लेखाअधिकारी (सेवानिवृत्त) उत्तरी मुद्रण वर्ग :–

| शिकायत | निस्तारण |
|---|---|
| कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नति पर 3 प्रतिशत वेतन वृद्धि के सम्बन्ध में। | इस सम्बन्ध में उत्तरी मुद्रण वर्ग को नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । |

6. श्री शरत सिंह बिष्ट, दफतरी 15 डी.ओ :–

| शिकायत | निस्तारण |
|---|---|
| वेतन निर्धारण में कोई लाभ नही मिला। | इस सम्बन्ध में समिति द्वारा अवगत कराया गया कि उनका Pay Fixation सहीं है व सही पेंशन मिल रही है । |

द्वितीय चरण में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों/कार्यालयों के आहरण एवं वितरण अधिकारियों से उनके कार्यालय में पेंशन से सम्बन्धित लम्बित मामलों की जानकारी मांगी गई । सभी कार्यालयों ने अवगत कराया कि उनके कार्यालय में पेंशन से सम्बन्धित कोई भी मामला लम्बित नहीं है ।

अन्त में समिति के अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पेंशनर्स संबंधित समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाये तथा पेंशनर्स से संबंधित समस्याओं के लिये एक रजिस्टर बनाया जाये तथा मामलों के निस्तारण की Proper Monitoring की जाए ।

पेंशन सम्बन्धी एवं सामान्य चर्चा के साथ पेंशन अदालत संपन्न हुई ।

यह कार्यालय आदेश सक्षम अधिकारी की सहमति से जारी किया जाता है।

(लक्ष्मी चन्द)
**स्थापना एवं लेखा अधिकारी**
**महासर्वेक्षक का कार्यालय**

वितरणः

1. केन्द्रीय वेतन एवं लेखाधिकारी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित ।
2. स्थापना एवं लेखाधिकारी (बजट) (म0स0का0) को सूचनार्थ प्रेषित ।
3. स्थापना एवं लेखाधिकारी (प्रशासन) (म0स0का0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
4. निदेशक, ज्यो0 एवं अनु0 शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
5. निदेशक, उत्तराखण्ड एवं पश्चिमी उ0प्र0 जी0डी0सी0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
6. निदेशक, उत्तरी मुद्रण वर्ग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
7. निदेशक, एम0ए0डी0सी0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
8. निदेशक, राष्ट्रीय जी.डी.सी. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
9. निदेशक, अंकीय मानचित्रण केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
10. इंचार्ज वेबसाईट राष्ट्रीय जी.डी.सी. को सूचनार्थ प्रेषित ।
11. कार्यालय अधीक्षक, एल0ए0पी0 अनुभाग (म0स0का0) को सूचनार्थ ।
12. कार्यालय अधीक्षक, गोपनीय अनुभाग (म0स0का0) को सूचनार्थ ।

**स्थापना एवं लेखा अधिकारी**
**महासर्वेक्षक का कार्यालय**